भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान (मानद् विश्वविद्यालय)
ICAR-National Dairy Research Institute (Deemed University)
करनाल, हरियाणा Karnal, Haryana-132001
( राजभाषा एकक / Official Language Unit )
ईमेल hindicell.ndri@icar.gov.in

फा.सं. 12-6/तिमाही बैठक/राजभाषा/2021-22

दिनांक, 14 सितम्बर, 2021.

## कार्यवृत्त

**विषय : राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान,करनाल की दिनांक 07.09.2021 को संपन्न हुई संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त।**

भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान,करनाल की संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 92वीं तिमाही बैठक दिनांक **07.09.2021** को अपराह्न **3:00** बजे से कोविड संबंधी निर्देशों की पालना के साथ संस्थान के डा.एन.एन.दस्तूर सभागार में आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता,डा.धीर सिंह,कार्यकारी निदेशक एवं संयुक्त निदेशक(अनुसंधान) द्वारा की गयी। इसमें संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य एवं शीर्षस्त प्रशासनिक पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक का कार्यवृत्त सूचना और आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रस्तुत है ताकि संबंधित बिन्दुओं पर अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित कर कृत कार्रवाई से निदेशक/अध्यक्ष महोदय को समय से अवगत करायें। जिससे समिति की अगली बैठक नियत समय पर बुलाई जा सके।

**इसे निदेशक,भाकृअनुप-राडेअनुसं,करनाल के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।**

**संलग्न : उपर्युक्त वर्णित |**

धीरज शर्मा 14/9/21

**(धीरज शर्मा)**
**उप निदेशक (राजभाषा)**
**एवं सदस्य-सचिव**

**वितरण(सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु) :**

1. निदेशक, भाकृअनुप-राडेअनुसं,करनाल को उनके निजी सचिव के माध्यम से सूचनार्थ।
2. संयुक्त निदेशक(प्रशासन) एवं कुलसचिव, संयुक्त निदेशक(अनुसंधान), संयुक्त निदेशक(शैक्षणिक), मुख्य प्रशासनिक अधिकारी(वरिष्ठ ग्रेड), नियंत्रक, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, राडेअनुसं, करनाल।
3. सभी प्रभाग एवं अनुभाग के अध्यक्ष तथा प्रभारी |
4. सभी प्रशासनिक अधिकारी/सहा.प्रशा.अधि.।
5. संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य।
6. अध्यक्ष, दक्षिण क्षेत्रीय केन्द्र(राडेअनुसं), बेंगलूरू एवं अध्यक्ष, पूर्वी क्षेत्रीय केन्द्र(राडेअनुसं), पोस्ट-कल्याणी, नादिया। इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वे सितम्बर, 2021 तिमाही की अपने कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक अपने स्तर पर 30.9.2021 से पहले आयोजित कर बैठक के कार्यवृत्त इस कार्यालय के साथ-साथ सभी संबंधितों को भी प्रेषित करें।
7. निदेशक(राजभाषा), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि भवन, नई दिल्ली को सूचनार्थ।
8. उप निदेशक(कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1,गृह मंत्रालय,राजभाषा विभाग,नई दिल्ली।
9. नराकास, करनाल के सभी सदस्य कार्यालय तथा करनाल स्थित आईसीएआर के शोध संस्थान कार्यालय।
10. प्रभारी कंप्यूटर केन्द्र,राडेअनुसं को संस्थान की वेबसाइट/ईऑफिस नोटिस बोर्ड पर अपलोडिंग हेतु।

## दिनांक 07.09.2021 को भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान,करनाल की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

डा. धीर सिंह,कार्यकारी निदेशक एवं संयुक्त निदेशक (अनुसंधान),भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान,करनाल की अध्यक्षता में संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 92वीं तिमाही बैठक दिनांक 07.09.2021 को अपराह्न 03:00 से कोविड संबंधी निर्देशों की पालना के साथ संस्थान के डा. एन.एन.दस्तूर सभागार में आयोजित की गयी। इस बैठक में संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य एवं शीर्षस्त प्रशासनिक पदाधिकारी शामिल हुए जिनकी सूची अनुबंध **1** में संलग्न हैं।

उक्त तिमाही बैठक प्रारम्भ में श्री धीरज शर्मा,उप निदेशक(राजभाषा) एवं सदस्य-सचिव ने समिति के अध्यक्ष,सदस्यों तथा सभी आमंत्रित सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात् बैठक की कार्यसूची पर विस्तार से चर्चा की गयी तथा निम्नलिखित निर्णय लिए गए।

**स्थाई मदें**

क. **पिछली बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन**: दिनांक **31.05.2021** को सम्पन्न हुई समिति की पिछली तिमाही बैठक के कार्यवृत्त पर किसी प्रभाग/अनुभाग से असहमति/सुझाव प्राप्त न होने को मद्देनजर रखते हुए कार्यवृत्त को समिति के द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

**ख. पिछली बैठकों में निर्णित बिन्दुओं पर चर्चा की गई एवं कार्रवाई अपेक्षित है :**

1. संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का हिंदी ज्ञान से संबंधी रोस्टर तैयार किया जा रहा है। जिन अधिकारियों के नाम से व्यक्तिशः आदेश जारी किया जा चुका है उसके अतिरिक्त शेष सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नाम से व्यक्तिशः आदेश जारी किये जाएं। **(कार्रवाई : राजभाषा एकक)**

**2.** सेवा-पुस्तिकाओं में अर्जित अवकाश/छुट्टी यात्रा रियायत(एल.टी.सी.)/छुट्टी नकदीकरण/वार्षिक वेतन वृद्धि आदि अन्य रूटीन इन्दराजों को लिखकर या रबड़ की मुहरों का प्रयोग कर हिन्दी में ही किया जाए। **(कार्रवाई : स्थापना I, II, III एवं IV)**

**3.** राजभाषा अधिनियम **1963** की धारा **3(3)** के सभी दस्तावेजों यथा परिपत्र, कार्यालय आदेश, टेन्डर,प्रेस विज्ञप्ति,टेन्डर फॉर्म आदि को अनिवार्यत:द्विभाषी में जारी कर इन्हें संस्थान ई-ऑफिस नोटिस बोर्ड तथा वेबसाइट पर अपलोड किया जाना यथावत् जारी रखा जाएगा। **(कार्रवाई : सभी संयुक्त निदेशक, प्रभागाध्यक्ष एवं प्रभारी अधिकारी)**

**4.** राजभाषा नियम 1976 के नियम **5** के अनुसार हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दिए जाएँ । इसका अनुपालन करते हुए हिन्दी में प्राप्त पत्रों तथा हिन्दी में उत्तर दिए जाने पत्रों के लिए अलग से फ़ाइल बनायी जाए | **(कार्रवाई : सभी संयुक्त निदेशक, प्रभागाध्यक्ष एवं प्रभारी अधिकारी)**

**5.** सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ई-ऑफिस पर हिन्दी में ही टिप्पणियाँ लिखें। **(कार्रवाई : सभी संयुक्त निदेशक, प्रभागाध्यक्ष एवं प्रभारी अधिकारी – अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी सूचित करें )**

........2

6. राजभाषा विभाग के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार "क" एवं "ख" क्षेत्र में स्थित कार्यालयों के साथ हिन्दी में 100 प्रतिशत पत्राचार तथा 'ग' क्षेत्र में स्थित कार्यालयों के साथ 65 प्रतिशत पत्राचार हिन्दी में किया जाना अपेक्षित है। चूंकि वर्तमान में संस्थान का पत्राचार का प्रतिशत लक्ष्य से पीछे है, अतः इस दिशा में प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। **(कार्रवाई : सभी संयुक्त निदेशक, प्रभागाध्यक्ष एवं प्रभारी अधिकारी – अपने अधीनस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी सूचित करें)**

7. संस्थान के शेष सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा ईमेल के डिफॉल्ट हस्ताक्षर को भाषी(हिन्दी पंक्ति ऊपर)कराया जाए। **(कार्रवाई : सभी संयुक्त निदेशक, प्रभागाध्यक्ष/प्रभारी राजभाषा एकक से सहायता लें)**

8. सभी प्रभाग/अनुभाग/दोनों क्षेत्रीय केन्द्र हिन्दी कवरिंग लेटर(सह-पत्र)लगाकर अंग्रेजी पत्र आदि जारी करें। **(कार्रवाई : सभी संयुक्त निदेशक, प्रभागाध्यक्ष एवं प्रभारी अधिकारी)**

9. राजभाषा विभाग के द्वारा राजभाषा हिन्दी के सफल कार्यान्वयन के लिए प्रतिपादित किए गए निम्नलिखित 12 'प्र' को सरकारी कामकाज में हिन्दी की गति बढ़ाने के लिए आत्मसात् करने के प्रयास किए जाएंगे-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | **प्रेरणा (Inspiration and Motivation)** | 7 | **प्रचार (Advocacy)** |
| 2 | **प्रोत्साहन (Encouragement)** | 8 | **प्रसार (Transmission)** |
| 3 | **प्रेम (Love and Affection)** | 9 | **प्रबंधन(Administration & Management)** |
| 4 | **प्राइज़ अर्थात् पुरस्कार (Rewards)** | 10 | **प्रमोशन अर्थात् पदोन्नति (Promotion)** |
| 5 | **प्रशिक्षण (Training)** | 11 | **प्रतिबद्धता (Commitment)** |
| 6 | **प्रयोग (Usage)** | 12 | **प्रयास (Efforts)** |

10. हिन्दी दिवस के परिप्रेक्ष्य में दिनांक **14.9.2021 से 13.10.2021** तक "हिन्दी उल्लास महोत्सव-**2021**"के दौरान निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी तथा संस्थान के सभी प्रभाग/अनुभाग के अध्यक्ष/प्रभारी सभी संवर्ग के अधिकाधिक एवं कर्मचारियों को इन गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करेंगे-

**(i)** हिन्दी दिवस समारोह,14.9.2021 को

**(ii)** हिन्दी शब्दार्थ प्रतियोगिता(सभी वर्ग के लिए)(हिन्दी दिवस/उल्लास महोत्सव कार्यक्रम में)

**(iii)** हिन्दी टंकण प्रतियोगिता(सभी वर्ग के लिए)

**(iv)** हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता(सभी वर्ग के लिए)

**(v)** हिन्दी निबंध प्रतियोगिता(सभी वर्गों के हिन्दी एवं हिन्दीतर भाषियों के लिए)

**(vi)** हिन्दी टिप्पण/प्रारूप लेखन प्रतियोगिता(प्रशासनिक वर्ग के लिए)

**(vii)** हिन्दी शोध-पत्र पोस्टर प्रोत्साहन प्रतियोगिता(वैज्ञानिकों/तकनीकियों/विद्यार्थियों हेतु)

**(viii)**हिन्दी गीतगायन प्रतियोगिता (संस्थान के सभी वर्ग के लिए,केरोके संगीत पर)

**(ix)** हिन्दी आशुभाषण प्रतियोगिता (नगर स्तर पर नराकास करनाल के तत्वावधान में)

**(x)** हिन्दी उल्लास महोत्सव-**2021** का पुरस्कार वितरण समारोह(यथासमय तिथि निर्धारित – होगी)

........3

11. **"हिन्दी उल्लास महोत्सव-2021" के दौरान अपेक्षाएं :**

"हिन्दी उल्लास महोत्सव-2021"के दौरान संस्थान के सभी वैज्ञानिकों/अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा हिन्दी में निम्नलिखित कार्य अपेक्षित हैं-

(क) 25 शब्द से कम की टिप्पणियाँ अनिवार्य रूप से हिन्दी में ही लिखी जाएँ।

(ख) शत-प्रतिशत कार्यालयीन पत्राचार हिन्दी में किए जाएं।

(ग) धारा 3(3) के सभी दस्तावेज द्विभाषी में जारी किए जाएँ। इसके लिए राजभाषा एकक की सहायता ली जाए।

(घ) नियम 5 के अन्तर्गत हिन्दी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिन्दी में दिए जाएं तथा उनका अनिवार्य रूप से दस्तावेजीकरण किया जाए।

(च) सभी प्रभागों एवं अनुभागों व क्षेत्रीय केन्द्रों द्वारा राजभाषा जांच विंदु बनाये जाएं।

12. तिमाही बैठक में सकारात्मक चर्चा हेतु पिछली बैठक से वर्तमान बैठक में हुई प्रगति के आंकड़ों को शामिल किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदय ने संस्थान में राजभाषा नीति,नियमों व व्यवस्थाओं के अनुपालन की दिशा में राजभाषा एकक के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उपस्थित पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे सरकारी कामकाज में हिन्दी की गति को बढ़ावा देने के लिए एक अनुकूल और उत्साहवर्धक वातावरण बनाने के लिए अपने स्तर पर पहल करें तथा यथावश्यक हिन्दी एकक के अधिकारियों की सहायता भी लें। श्री राकेश कुमार,सहायक निदेशक(राजभाषा)ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा अध्यक्ष महोदय की अनुमति उपरांत बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

धीरज शर्मा 15/9/21

**(धीरज शर्मा)**

**उप निदेशक(राजभाषा)**

**एवं सदस्य-सचिव**

अनुबंध

**भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल की संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 07.09.2021 को कोविड संबंधी निर्देशों की पालना के साथ डा. एन.एन.दस्तूर सभागार में संपन्न हुई 92वीं तिमाही समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों व प्रतिभागियों की सूची**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा. धीर सिंह, कार्यकारी निदेशक एवं संयुक्त निदेशक(अनुसंधान) | अध्यक्ष |
| 2. | श्री जी.जी. हरकंगी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी(वरिष्ठ ग्रेड) | उपाध्यक्ष |
| 3. | डा. आर.आर.बी.सिंह, संयुक्त निदेशक(शैक्षणिक) | आमंत्रित विशिष्ट सदस्य |
| 4. | श्री विवेक पुरवार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्री डी.डी.वर्मा, नियंत्रक | सदस्य |
| 6. | डा. राकेश कुमार,प्रधान वैज्ञानिक, अध्यक्ष, सस्य विज्ञान | सदस्य |
| 7. | डा. नरेश कुमार, प्रधान वैज्ञानिक, डेरी सूक्ष्मजीवाणु प्रभाग | सदस्य |
| 8. | डा.लता सबीखी,प्रधान वैज्ञानिक, डेरी प्रौद्योगिकी प्रभाग | सदस्य |
| 9. | डा. सचिनन्दन डे, प्रधान वैज्ञानिक, अध्यक्ष,पशु जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र | आमंत्रित विशिष्ट सदस्य |
| 10. | डा. पंकज कुमार सारस्वत, प्रभारी,कृषि विज्ञान केन्द्र | -तदैव- |
| 11. | श्री कुनाल कालड़ा, वित्त एवं लेखाधिकारी, ऑडिट अनुभाग | -तदैव- |
| 12. | श्री रामपाल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, ऑडिट अनुभाग | -तदैव- |
| 13. | श्री बी.सी.कटोच, प्रशासनिक अधिकारी, क्रय अनुभाग | -तदैव- |
| 14. | श्रीमती टीना चोपड़ा,तकनीकी अधिकारी, कम्प्यूटर केन्द्र | -तदैव- |
| 15. | श्री भगवान दास, सहा.प्रशा. अधिकारी, विश्वविद्यालय कार्यालय | -तदैव- |
| 16. | श्री धर्म सिंह मीना, सहा.प्रशा. अधिकारी, स्थापना-2 व 3 | -तदैव- |
| 17. | श्री अजित सिंह, सहा.प्रशा. अधिकारी,स्थापना-5 | -तदैव- |
| 18. | श्री चन्द्र भान,सहायक,राजभाषा एकक | -तदैव- |
| 19. | श्री राकेश कुमार,सहायक निदेशक(राजभाषा) | -तदैव- |
| 20. | श्री धीरज शर्मा,उप निदेशक(राजभाषा) एवं सदस्य सचिव | सदस्य सचिव |

राकेश कुमार